Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: गुरमीत सिंह खुड्डियां



चंडीगढ़, 10 जुलाई:पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने राज्य में पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति, देरी या जन शिकायतों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सेवा नियमों के अनुसार दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एस.ए.एस. नगर स्थित लाइवस्टॉक कॉम्प्लेक्स में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने राज्यभर के सभी पशु चिकित्सालयों और पशु चिकित्सा डिस्पेंसरियों के कामकाज, आधारभूत ढांचे, उपलब्ध सुविधाओं तथा स्वच्छता व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर जोर दिया।

कुछ पशु चिकित्सा संस्थानों की खराब स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए स. खुड्डियां ने पशुपालन निदेशक को निर्देश दिए कि भवनों की मरम्मत, रखरखाव और आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन का कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि पशुपालकों को बेहतर और व्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

कैबिनेट मंत्री ने सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में चौबीसों घंटे बिजली और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं के टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उचित कोल्ड स्टोरेज व्यवस्था अनिवार्य है और वैक्सीन के भंडारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पशुपालकों को समय पर, पारदर्शी और सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाए तथा यह सुनिश्चित करे कि विभाग की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी भेदभाव, देरी या अनावश्यक बाधा के समय पर पहुंचे।

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने दोहराया कि विभाग में कार्य संस्कृति को और अधिक जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहना, कार्य में ढिलाई बरतना, सेवाओं में अनावश्यक देरी करना या लोगों की शिकायतों को लंबित रखना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए विभाग में कोई स्थान नहीं है।

## रंगला पंजाब विकास योजना को मिली रफ्तार, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने तय की सख्त समय-सीमाएं

चंडीगढ़, 10 जुलाई 2026:पंजाब सरकार ने राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करने के लिए 'रंगला पंजाब विकास योजना' के तहत सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। वित्त एवं योजना मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि योजना के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि विकास कार्यों में देरी, लापरवाही या निर्माण मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (मगसीपा), चंडीगढ़ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री ने योजना के पहले दो चरणों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया और तीसरे चरण की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जसप्रीत तलवाड़ तथा राज्य के सभी उपायुक्त मौजूद रहे।

हरपाल सिंह चीमा ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि

परियोजनाएं 31 अगस्त तक हर हाल में पूरी की जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक शुरू किए जा सकने वाले फेज-3 के विकास कार्यों और अन्य नई परियोजनाओं की पहचान कर उनकी विस्तृत सूची तैयार





की जाए, ताकि अगले चरण की शुरुआत बिना किसी देरी के हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार की

गुणवत्ता आधारित विकास नीति को दोहराते हुए मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया गुणवत्ता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यान्वयन एजेंसियों की जवाबदेही तय करने के लिए पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की वास्तविक तस्वीरें सीधे फील्ड से अपलोड करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का पारदर्शी मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण मानकों से समझौता करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव जसप्रीत तलवाड़ ने निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को जिम्मेदारी सौंपी जाए। एसडीएम नियमित रूप से फील्ड का दौरा कर परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन का व्यक्तिगत निरीक्षण करेंगे। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) को भी अपने स्टाफ के माध्यम से सभी परियोजनाओं की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## युवाओं में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाए रोटरी: राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया



चंडीगढ़, 9 जुलाई:पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने रोटरी क्लब ऑफ चंडीगढ़ की नई टीम के अधिष्ठापन समारोह में रोटेरियंस से युवाओं में सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोटरी को ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों तक अपनी पहुंच बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

सीआईआई में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने नई अध्यक्ष टीना अवनिंदर विर्क और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि 1958 से रोटरी क्लब ऑफ चंडीगढ़ समाज सेवा की मिसाल कायम कर रहा है।

अध्यक्ष टीना विर्क ने बताया कि क्लब प्लास्टिक कचरे से वर्टिकल गार्डन, ई-वेस्ट व कपड़ा कचरा प्रबंधन, लड़कियों के लिए शिक्षा छात्रवृत्ति तथा सेक्टर-38 वेस्ट में मियावाकी वन विकसित करने जैसी पहल करेगा।

## 3500 रुपये रिश्वत लेते पटवारी को विजिलेंस ने रंगे हाथों दबोचा



चंडीगढ़, 10 जुलाई:पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत लुधियाना जिले के राजस्व हलका धौल खुर्द, सब-रजिस्ट्रार मलौद में तैनात पटवारी गुरजीत सिंह को 3500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गांव धौल खुर्द निवासी एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर की गई।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2016 में माता-पिता के निधन के बाद उसकी माता के नाम दर्ज 3 बिस्वे के प्लॉट का विरासती इंतकाल उसके और उसके छह भाई-बहनों के नाम होना था। आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बावजूद आरोपी पटवारी ने इंतकाल दर्ज करने के लिए 5,000 रुपये रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 3,500 रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड कर विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क किया। शिकायत की जांच के बाद विजिलेंस टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में जाल बिछाकर आरोपी पटवारी को शिकायतकर्ता से 3,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## अमृतसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 8.378 किलो हेरोइन, 2 लाख की ड्रग मनी बरामद, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर, 10 जुलाई:मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार संचालित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.378 किलोग्राम हेरोइन और 2 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जांच के दौरान दो अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें भी नामजद किया गया है।

यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में लवप्रीत सिंह उर्फ लव (28), निवासी गांव खासा, अमृतसर और उसका एक नाबालिग साथी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी सीमा पार बैठे एक तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे और विभिन्न स्थानों से हेरोइन की खेप हासिल कर उसे राज्य के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई करते थे।

डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस सीमा पार संचालित तस्करी गिरोह से जुड़े सभी लिंक, वित्तीय लेन-देन और स्थानीय सहयोगियों की पहचान करने में जुटी है, ताकि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके।

पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने विशेष अभियान चलाकर लवप्रीत सिंह और उसके नाबालिग साथी को प्रारंभिक तौर पर 2 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान नाबालिग आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 3.01 किलोग्राम अतिरिक्त हेरोइन और 2 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की, जिससे इस मामले में कुल बरामदगी 5.01 किलोग्राम हो गई।

जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को यह भी पता चला कि सीमा पार बैठा तस्कर एक अन्य तस्करी मॉड्यूल भी संचालित कर रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक निर्धारित स्थान पर छापेमारी की और वहां से 3.368 किलोग्राम अतिरिक्त हेरोइन बरामद की। इसके साथ ही दोनों मामलों में कुल हेरोइन बरामदगी बढ़कर 8.378 किलोग्राम हो गई।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.